हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 जनवरी 2024

11 कड़कड़ाती ठंड में अन्नदाताओं का धरना छठे दिन भी जारी



12 डिपो होलडरों ने मांगों को लेकर डीएफएससी को ...



**खबर संक्षेप**

### आज होगी जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

**चरखी दादरी।** नेहरू युवा केंद्र की ओर से जनता महाविद्यालय में आज जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन 11 बजे किया जाएगा। जिसमें 15 से 29 आयु वर्ग के कोई भी इच्छुक युवा हिस्सा ले सकता है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन उसी दिन सुबह 10 बजे किया जाएगा। नेहरू युवा केंद्र की प्रतिनिधि ज्योति शर्मा ने बताया कि राज्य स्तर पर विजेता प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार में प्रथम 1 लाख, द्वितीय 50 हजार व तृतीय 25 हजार दिया जाएगा।

### कन्या विद्यालय में कल लगेगा रोजगार मेला

**चरखी दादरी।** समग्र शिक्षा के तहत कल राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह करेंगे। कार्यक्रम के प्रभारी एपीसी संदीप कुमार ने बताया कि मेले में जानी मानी 16 कंपनियां रोजगार देने के लिए आएंगी तथा रोजगार देंगी।

### प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 12 से

**भिवानी।** श्रीदक्ष प्रजापति चैरिटेबल ट्रस्ट बवानीखेड़ा द्वारा मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में कस्बा बवानीखेड़ा के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी हाई स्कूल के खेल मैदान में 12 से 14 जनवरी तक तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। प्रजापति चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रेस सचिव ओमपाल ने बताया कि प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि कांग्रेस नेता मास्टर सतबीर रतेरा शामिल होंगे।

# पटवारियों ने फिर किया ऐलान 3 दिन पूरी तरह रहेगी हड़ताल

## सरकार के उपेक्षित रवैये को लेकर पटवारियों में नाराजगी, नारेबाजी की







**भिवानी।** उपायुक्त कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते पटवारी और पटवारियों की हड़ताल के बाद सूनसान पड़े पटवारखाना। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

तीन-चार दिनों तक हड़ताल पर रहने के बाद सरकार द्वारा मांगे न मानने व बातचीत के लिए भी न बुलाए जाने पर पटवारियों की सरकार के प्रति जबरदस्त नाराजगी बढ़ गई। सरकार के उपेक्षित रवैये के विरोध में सोमवार को पटवारियों ने फिर से आंदोलन का ऐलान कर दिया। तीन दिनों तक पटवारी पूरी तरह से हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान पटवारियों ने उपायुक्त कार्यालय के बाहर धरना दिया। पटवारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता। तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। दूसरी तरफ पटवारियों के हड़ताल पर जाने की वजह से

■ न मांग मानी, न ही बातचीत का मिला न्योता

तहसील व पटवारखानों में आमजन के भूमि से संबंधित व विद्यार्थियों के विभिन्न प्रकार के कार्य अटक गए। पूरे दिन लोग पटवारखानों के चक्कर लगाते नजर आए।

### खाली पदों को भरें

इस मौके पर राज्य प्रधान व पूर्व प्रांतीय प्रधान सूरजभान खोखर ने भी धरने को संबोधित किया। धरने की अध्यक्षता प्रधान सुनील कुमार ने की। सुनील कुमार ने कहा कि वर्ष 2016 से लंबित पटवारी एवं कानूनगो की सर्कलबंदी का कार्य जल्द से जल्द किया जाए। पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला उप प्रधान विकास राठी ने बताया हरियाणा में पटवारियों के लगभग 4000 पद हैं जबकि मात्र 1400 राजस्व पटवारी कार्यरत हैं खाली पदों पर तुरंत भर्ती की जाए। राजस्व पटवारी द्वारा की जाने वाली स्कूल व फील्ड ट्रेनिंग की डेढ़ वर्षिय ट्रैनिंग की अवधि को सेवाकाल मे जोड़ा जाए। आम जनता से भी सहयोग की अपील की है। सरकार ज्यों ही हमारी मांग मानती हम तुरंत काम पर लौट आयेंगे और आमजन का छूटी वाले दिन भी कार्यालय में बैठ कर काम निपटाएगें। मंच संचालन बलबीर पटवारी ने किया। मंच संचालन बलबीर पटवारी ने किया। इनेलो से अर्जुन चौटाला व भारतीय मजदूर संघ ने भी धरने को समर्थन दिया।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर कुलदीप कानूनगो,दिलीप कानूनगो, दिनेश कानूनगो, जगदीश कानूनगो, भिवानी तहसील प्रधान विक्रांत शर्मा, शैलेन्द्र कुमार पटवारी, रविन्द्र कुमार पटवारी,मोहनलाल, राकेश, निखिल,रवि, हरकेश पटवारी, जयचंद, रोहतास, प्यारेलाल, प्रदीप,परमिल पटवारी, राजेश मुटरेजा, प्रवेश, जतिन पटवारी, हर्ष छाबड़ा, मंगल पटवारी,अनुज,संदीप, ललित आदि जिले के समस्त पटवारी व कानूनगो उपस्थित थे।

### पटवार एवं कानूनगो एसो. का धरना जारी

द रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन का सांकेतिक धरना जारी रहा। वक्ताओं ने कहा कि सरकार जब तक राज्य पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के साथ 4 जनवरी 2023 को किए गए वायदे के मुताबिक ग्रेड.पे की बढ़ोतरी 1 जनवरी 2016 से नहीं करती है तब तक मांगों व मुद्दों के लिए आंशिक धरना चलता रहेगा। यदि उसके बावजूद भी नहीं मानी तो सर्व कर्मचारी संघ के साथ मिलकर पटवार संगठन एक बहुत बड़े लंबे आंदोलन के लिए तैयार है। सरकार को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही है। जिसकी वजह से उनको धरना देना पड़ रहा है।



**बाढड़ा।** खोरड़ा पहुंची वन विभाग की टीम व मौके पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़

# खोरड़ा में पूर्व सरपंच पर हरे पौधों को नुकसान पहुंचाने का आरोप

■ वन विभाग की टीम पहुंची मौके पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा

चरखी दादरी जिले के गांव खोरड़ा में पंचायती जमीन से 250 से अधिक हरे पौधे तोड़े जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने गांव के ही पूर्व सरपंच पर पौधे तोड़ने के आरोप लगाए हैं। इसको लेकर सोमवार को ग्रामीण एकत्रित हुए और उसके बाद वन विभाग को इसकी सूचना दी गई। जिसके बाद विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

बता दे कि गांव में एकत्रित हुए ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लोचमाणा जोहड़ में वन विभाग द्वारा करीब दो साल पहले नीमए अर्जुनए शीशमए जामुन के पौधे लगाए गए थे। बीते दस दिनों से कोई अज्ञात व्यक्ति इन पौधों को तोड़ रहा था। जिसको लेकर वन विभाग व ग्राम पंचायत के लोग परेशान थे। सोमवार को ग्रामीणों ने गांव के ही एक व्यक्ति को पौधे तोड़ते हुए देखा जिसकी सूचना ग्रामीणों ने सरपंचए पंचायत के सदस्यों व वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर इनकी गिनती की तो तोड़े गए पौधों की संख्या 250 से अधिक मिली। ग्रामीणों ने पौधों को तोड़ने पर रोष जताया और पौधे तोड़कर पर्यावरण को नुकसान पहंचाने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### वन विभाग ने दिया है कार्रवाई का आश्वासन

गांव खोरड़ा के सरपंच ने कहा कि पहले भी पौधों को नुकसान पहुंचाया गया है लेकिन पहले किसी ने पौधे तोड़ने हुए देखा नहीं गया था जिसके चलते कोई कार्रवाई नहीं की। आज गांव का ही एक व्यक्ति जो पूर्व में सरपंच रहा चुका है उसको पौधे तोड़ने हुए देखा गया है और उक्त व्यक्ति की जोहड़ के साथ जमीन भी लगती है।

सरपंच ने बताया कि वन विभाग को पूरे मामले से अवगत करवा दिया गया है और विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया है और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मामले को लेकर रेंज ऑफिसर रविंद्र से भी जानकारी लेने का प्रयास किया लेकिन फोन कॉल रिसीव नहीं किए जाने के कारण उनके बात नहीं हो सकी।

# बावड़ी गेट मार्केट बंदकर दुकानदारों ने जताया रोष

■ कुछ असमाजिक तत्वों पर लगाया अवैध वसूली का आरोप, पुलिस पहुंची मौके पर

■ आरोपियों से निपटने के लिए पुलिस ने मांगा एक सप्ताह का समय

■ दुकानदारों ने समाधान ना होने पर रोड़ जाम करने की दी चेतावनी

**भिवानी।** कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा भिवानी के बावड़ी गेट मार्केट के दुकानदारों से अवैध वसूली व मंदिर पर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। दुकानदारों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है। जिसको लेकर दुकानदारों में काफी रोष है तथा रोषस्वरूप दुकानें बंद की गई हैं। दुकनदारों के रोष को देखते हुए पुलिस मौके पर पहुची तथा एक सप्ताह में आरोपियों से निपटने का आश्वासन दिया। दुकानदारों ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व उन्हे बेवजह परेशान करते है तथा कभी 100 रुपये तो कभी 500 रूपये की वसूली करते है। उन्होंने कहा की इसको लेकर काफी बार प्रशासन व सरकार के नुमाइंदों को अवगत करवाया जा चुका है,लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि दुकानदारों की इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे धरना प्रदर्शन व रोड जाम करने पर मजबूर होंगे। वहीं मौके पर पहुचे औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी विशेष कुमार ने कहा कि कुछ समाजिक तत्वों के द्वारा लड़ाई झगड़े की शिकायत पर वे यहां पहुंचे है। इसके साथ ही अवैध कब्जा व अवैध वसूली का भी आरोप लगाया है, जिसकी जांच वे करेंगे। उन्होंने कहा कि आपसी सोहार्द बनाए रखना व आसपास के लोगों सुरक्षा मुहैया करवाना उनका लक्ष्य है।

# रक्तदान से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं: एसडीएम

## एसडीएम ने स्वयं भी 70 वीं बार रक्तदान किया, बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि एक तरफ जहां रक्तदान करना मानवता के हित एवं सेवा में सबसे महादान माना जाता है। रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद की जान भी बचाई जा सकती है।

रक्तदान करने वाला व्यक्ति समाज का वास्तविक व्यक्तित्व होता है। एसडीएम सोमवार को श्याम संकीर्तन मंडल द्वारा श्री शिव.श्याम चौक में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान बोल रहे थे। दौरान उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। एसडीएम ने स्वयं भी 70 वीं बार रक्तदान किया। द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर रक्तदान शिविर में 40 रक्त की यूनिट एकत्रित की गई। इस दौरान बीडीपीओ सुमित बैनीवाल,राजेन्द्र जैन, सरपंच राजेश तंवर, श्री श्याम संकीर्तन मंडल के प्रधान अनिल गर्ग बागनवालिया, महासचिव सुरेंद्र शर्मा भी साथ रहे। एसडीएम ने कहा कि रक्तदाता को सम्मान मिलना चाहिए और रक्तदाताओं को सामाजिक कार्यों के लिए युवाओं को प्रेरित करना चाहिए। एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने भी इस मौके पर रक्तदान किया। इससे पहले एसडीएम 69 बार रक्तदान कर चुके हैं।



इसके अलावा एसडीएम मनोज कुमार दलाल अनगिनत रक्तदान शिविर लगा चुके हैं। इस मौके पर असीम शर्मा, जगदीप पंघाल, संजय गुप्ता, अशोक सिंगला, पंकज डेमला, महेंद्र चावला, ज्योति विज आदि मौजूद रहे।

# तोशाम के सचिन मित्तल का चयन सीके नायडू ट्रॉफी के लिए हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

तोशाम निवासी क्रिकेट खिलाड़ी सचिन मित्तल का सीके नायडू ट्राफी में खेलने के लिए चयन हुआ है। जिससे परिवार सहित क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर है।

उल्लेखनीय है कि सचिन मित्तल तोशाम के चौधरी सुरेंद्र सिंह खेल परिसर में पिछले काफी समय से क्रिकेट को समय देते हुए क्रिकेट खेलकर जी.जान से मेहनत कर रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप सचिन मित्तल का अंडर. 23 आयु वर्ग की भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित क्रिकेट चैंपियनशिप सीके नायडू ट्रॉफी के लिए चयन हुआ है। ज्ञात हो कि सचिन मित्तल राइट आर्म मीडियम फास्ट ऑल राउंडर खिलाड़ी है। बीते दिनों आयोजित हुए कैंप में सचिन मित्तल सबसे अधिक विकेट लेने वाले खिलाड़ी के रूप में निखरकर सामने आया था। जिस पर चयनकर्ताओं की नजर सचिन मित्तल पर गई और उन्हें अंडर 23 आयु वर्ग की सीके नायडू ट्रॉफी के लिए चयनित किया गया। सचिन मित्तल के चयन पर उनके परिजनों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है।



■ मित्तल राइट आर्म मीडियम फास्ट ऑल राउंडर खिलाड़ी

# एसपी ने महिला, सदर व सिटी थाना का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक नितिका गहलोत ने सोमवार को महिला थाना, सदर व शहर थाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौराण व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लेते हुए उन्हें साफ.सफाई व स्वच्छता रखने के निर्देश दिए।

औचक निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक ने थानों की बिल्डिंग, तमाम रिकार्ड, सीसीटीएनएस एवं कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। थाना के एमएचसी कक्ष के रिकॉर्ड की बारीकी से जानकारी ली। उन्होंने थाना में थाना प्रबंधक के कार्यालय सहित महिला सेल, महिला हेल्प लाइन नम्बर 1091, महिला हेल्प डैस्क का निरीक्षण किया। पुलिस विभाग से संबंधित सभी रजिस्टर व रिकार्ड पूरी तरह अपडेट रखें ताकि उच्च अधिकारियों द्वारा मांगे गए जबाव निर्धारित समय पर भेजे जा सके। पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि पीएम विंडो, सीएम विंडो व हरसमय पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर पीड़ित व्यक्ति को शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं। फरियाद लेकर आने वाले लोगों से मैत्रिपूर्ण व्यवहार कर उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुनकर प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि अगर पीड़ित व्यक्ति की गंभीरता से सुनवाई कर उसे शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा तो निश्चित तौर पर समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करेगा तथा समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आएगी। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का बारिकी से जायजा लेते हुए उन्हें साफ.सफाई व स्वच्छता के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा. निर्देश दिए। एसपी ने सैफ हाउस सदर थाना में मित्र कक्ष का भी निरीक्षण किया।



■ थानों की बिल्डिंग, तमाम रिकार्ड, सीसीटीएनएस एवं कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया

# रोजगार मेला में 26 युवाओं का चयन

■ प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिस रोजगार मेले युवाओं के जीवन का आधार बन रहे है : प्रधानाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भिवानी में डीसी नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा फिटर, टर्नर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, वायरमैन, मोटर मैकेनिक व्हीकलए ट्रेक्टर मैकेनिक व मशीनिस्ट व्यवसायों के 26 प्रार्थियों का साक्षात्कार के आधार पर चयन हुआ है। आईटीआई प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार देने के लिए समय.समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज के रोजगार मेले में एशियन ऑटोमोटिव हरियाणा प्रालि यूएनओ मिंडा आदि कंपनियों ने साक्षात्कार लेकर 26 युवाओं का चयन किया है। इस दौरान उन्होंने प्रार्थियों को बताया कि युवाओं के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिस रोजगार मेले जीवन का आधार बन रहे हैंए क्योंकि कंपनियां उनके पास आकर रोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। युवाओं को कैरियर बनाने के लिए इन मेलों का बढचढ कर लाभ उठाना चाहिए।

वर्ग अनुदेशक विरेंद्र कुमार, शिक्षुता अनुदेशक अमरदीप मलिक, हरीकेश राठी व राजकुमार आर्य ने बताया कि दसवीं व बारहवीं कक्षा के बाद विद्यार्थी अपने क्षेत्र में ही औद्योगिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। सशक्त कौशल को बढ़ावा देते हुए युवाओं का भविष्य बनाना ही सरकार का मुख्य उद्देश्य है। हरियाणा राज्य की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से पास छात्र.छात्राएं, जिनकी आयु 18 से 27 वर्ष के बीच है उन्होंने इस रोजगार मेले में भाग लिया हैं। आईटीआई संस्थान में प्रत्येक महीने रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आईटीआई पास विद्यार्थियों को रोजगार मिल सके। उन्होंने आईटीआई पास विद्यार्थियों का आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक इस तरह के रोजगार मेले में भाग लेकर रोजगार प्राप्त करते रहें। इस मौके पर विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, प्रार्थी, व्यावसायिक ट्रेड के अनुदेशक आईटीआई स्टाफ मौजूद रहा।

## कच्ची गलियों को पक्का करवाने के टैंडर इस माह किए जाएंगे जारी: भवानी प्रताप

# दो माह में शुरू करवा दिया जाएगा दिनोद रोड़ का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रेल अंडर पास महापंचायत श्रीजीतूवाला के बैनर तले लाइन पार क्षेत्र के गणमान्य लोगों की बैठक स्थानीय दिनोद रोड़ 27 फुटा चौक स्थित संदीप यादव के कार्यालय में संपन्न हई।

बैठक में भिवानी नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप एवं विधायक के पुत्र अमन सर्राफ ने शिरकत की। बैठक में क्षेत्रवासियों ने जनप्रतिनिधियों का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर महापंचायत संयोजक रोहताश वर्मा, सचिव अशोक कौशिक व मीडिया प्रभारी शिवकुमार गोठवाल उपस्थित रहे। इस मौके पर वार्ड.18 के पार्षद अनिल कुमार, वार्ड.19 के पार्षद शिवकुमार गोठवाल, वार्ड.20 के पार्षद प्रत्याशी अधिवक्ता राकेश पंवार, महापंचायत प्रधान लाला पहलवान ने दिनोद रोड़ 27 फुटा चौक पर दिनोद रोड़ एवं सेवा नगर रोड़ का निर्माण करवाने, जीतू वाला ओवरब्रिज निर्माण शीघ्र पूरा करवाने, कच्ची व टूटी हुई गलियों को पक्का करवान, खराब स्ट्रीट लाइटें को बदलवाने, दिनोद रोड़ पर जूई नहर के पास महाराजा नीमपाल द्वार बनवाने, पीने के पानी की पाईप लाईन लगवाने, अमरूत योजना के अधूरे पड़े काम पूरे करवाने की मांग से चेयरर्सन प्रतिनिधि एवं विधायक के प्रतिनिधि को अवगत करवाया।

इस मौके पर रोहताश वर्मा ने बताया कि रेलवे लाइन पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य अंतिम चरण में है तथा भिवानी.महेंद्रगढ़ से सांसद चौ. धर्मवीर सिंह ने पुल के उपर से आवागमन 31 मार्च 2024 तक चालू करवाने का आश्वासन दिया था। ओवरब्रिज निर्माण के चलते दिनोद रोड़ पर आवागमन करीबन 3 वषार् से बंद है। ऐसे में इस रोड़ का निर्माण कार्य पुल चालू होने से पहले करवाने में आमजन को काफी राहत मिलेगी।



**भिवानी।** महापंचायत की बैठक को संबोधित करते हुए चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह।

### क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा

महापंचायत पदाधिकारियों की बात सुनने के बाद चेयरपर्सन प्रतिनिधित भवानी प्रताप एवं विधायक के पुत्र अमन सर्राफ ने कहा कि दिनोद रोड़ के निर्माण का मसौदा तैयार किया गया है, जिसके अनुसार पहले 7 मीटर चौड़ा सीसी रोड श्याम बाग से जूई नहर तक बनवाया जाएगा। जिसका निर्माण कार्य मार्च 2024 तक शुरू करवा दिया जाएगा। दूसरे चरण में साइड में सीमेंट ब्लॉक्स और फुटपाथ दोनों तरफ पोल लगा कर स्ट्रीट लाइट लगवाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि कच्ची गलियों को पक्का करवाने के टैंडर इस माह जारी किए जाएंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जल्द इस क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान करवाया दिया जाएगा। भवानी प्रताप ने कहा कि दिनोद रोड़ का निर्माण कार्य दो माह में शुरू करवा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस रोड़ को बनवाने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से सांसद चौ. धर्मवीर सिंह,सरकार की तरफ से विधायक घनश्याम सर्राफ एवं भिवानी की छोटी सरकार नगर परिषद सभी कि प्राथमिकता में दिनोद रोड़ का निर्माण करवाया जाएगा। इस मौके पर महापंचायत प्रधान लाला पहलवान,बलजीत सिंह गिल, कैप्टन राजेंद्र सिंह जांगड़ा, मास्टर सतबीर सिंह श्योराण, कुलदीप सिंह तंवर, रमेश वर्मा, रोहतास वर्मा, अशोक यादव पूर्व प्रधान, अशोक कौशिक आदि मौजूद रहे।





# सहेली

उद्गार

## हम लेते हैं पूरा आनंद

मकर संक्रांति जैसे पर्व को लेकर भला कौन नहीं उत्साहित रहता। हमारी छोटे पर्दे की अभिनेत्रियां भी इस पर्व को बहुत उत्साह-उमंग से मनाती हैं। कुछ चर्चित सीरियल की अभिनेत्रियां **सहेली** को बता रही हैं, उन्हें यह पर्व क्यों भाता है, इसे वे कैसे मनाती हैं?

### मकर संक्रांति की सबसे प्यारी चीज गुड़ की रोटी लगती है : नेहा जोशी



**एंड टीवी** के सीरियल 'अटल' में नेहा जोशी इन दिनों अटल बिहारी बाजपेयी की मां कृष्णा देवी बाजपेयी की भूमिका में नजर आ रही हैं। नेहा को मकर संक्रांति से जुड़ी सबसे प्यारी चीज क्या लगती है, वह बताती हैं, 'मुझे मकर संक्रांति से जुड़ी सबसे प्यारी चीज गुड़ की रोटी लगती है। मेरी मां गुड़ की रोटी बहुत ही स्वादिष्ट बनाती हैं। गुड़ की रोटी पर घर का बना देशी घी लगाकर खाने का एक अलग ही मजा है। इसमें गुड़ के साथ तिल भी होता है, जिसे खाने से जनवरी के ठंडे दिनों में बॉडी में हीट पैदा होती है। महाराष्ट्र में मकर संक्रांति पर काले कपड़े पहने जाते हैं, इसका एक कारण यह है कि जनवरी के महीने में ठंड बहुत होती है, काला रंग हीट को एब्सॉर्ब करता है। ऐसे में काले रंग के कपड़े पहनने से ठंड से बचाव होता है। मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाने की परंपरा है। इसका रीजन यह भी है कि ठंड में जब पतंग उड़ाने के लिए हम छत पर जाते हैं तो ज्यादा से ज्यादा धूप मिलती है। इससे ठंड से बचाव होता है। मकर संक्रांति का पर्व मैं पूरी तरह से महाराष्ट्रीयन परंपरा से मनाती हूं। हमारे घर में सुबह गुड़ की रोटी बनती है, इस रोटी को हम देशी घी के साथ खाते हैं। शाम को काले कपड़े पहन कर अपने परिवार के साथ करीबी लोगों के घर जाकर बड़ों से तिल-गुल लेकर उनका आशीर्वाद भी लेते हैं। इस बार मकर संक्रांति का पर्व मैं सीरियल के सेट पर (बाजपेयी परिवार के को-आर्टिस्ट्स के साथ) मनाऊंगी। सेट पर काले कपड़े पहनकर जाऊंगी। मुझे बहुत खुशी है कि सीरियल के जरिए एक नया परिवार मुझे मिल गया, जिसके साथ मैं मकर संक्रांति का पर्व मनाऊंगी।'

### तिल-गुड़ के लड्डू खिलाकर मीठा बोलने को कहते हैं : नेहा पेंडसे



**स्टार भारत** के सीरियल 'मे आई कम इन मैडम' की मुख्य अभिनेत्री नेहा पेंडसे मकर संक्रांति के पर्व को लेकर बहुत उत्साहित रहती हैं। वह कहती हैं, 'मकर संक्रांति का त्योहार हमारे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह पर्व अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग नाम और विधि से मनाया जाता है। जैसे- उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में इसे मकर संक्रांति, महाराष्ट्र में हल्दी कुमकुम, दक्षिण भारत में इसे पोंगल के नाम से मनाया जाता है। माना जाता है कि इस दिन से गर्मी के मौसम का आगाज होता है और लंबे दिनों की शुरुआत होती है, क्योंकि ठंडी के मौसम में दिन छोटे होते हैं। महाराष्ट्र में इस दिन लोगों को तिल और गुड़ के लड्डू देकर उन्हें पूरे साल मीठा बोलने यानी अच्छा व्यवहार करने को कहते हैं। तिल के सेवन का एक कारण यह भी है कि सर्दियों में तिल खाना स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होता है, तिल गर्म होता है। हम बचपन से मकर संक्रांति पर तिल खाने की परंपरा निभाते आ रहे हैं ताकि सर्दी ना लगे। आप सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं!'

### तिल के लड्डू खाने का इंतजार रहता है : परिवा प्रणति



**सोनी सब** के सीरियल 'वागले की दुनिया' में परिवा प्रणति लंबे समय से वंदना का किरदार निभा रही हैं। मकर संक्रांति के पर्व में उन्हें क्या अच्छा लगता है, इस पर वह हंसते हुए बताती हैं, 'इस फेस्टिवल का सबसे अच्छा पार्ट मुझे लगता है, मम्मी के हाथ के बनाए तिल के लड्डू। मकर संक्रांति पर एक अलग ही उल्लास पैदा हो जाता है। इस समय मौसम के परिवर्तन का एक उत्सव मनाया जाता है। यह बहुत प्यारा पर्व है। हमारे देश का हर त्योहार पॉजिटिव वाइब्स पैदा करता है, जिससे बहुत सारी खुशियां और समाज में खूबसूरती पैदा होती है। बचपन के दिनों में हमें मकर संक्रांति का उत्सुकतापूर्वक इंतजार रहता था कि मम्मी कब तिल के लड्डू बनाएंगी और पूजा होने के बाद हमें वो लड्डू खाने के लिए मिलेंगे। मेरे सीरियल की शूटिंग चल रही है, इसलिए इन दिनों मैं मम्मी-पापा से दूर हूं। लेकिन मेरी मम्मी मेरे लिए तिल के लड्डू जरूर बनाकर रखेंगी। मकर संक्रांति पर लोग पतंग उड़ाते हैं, लेकिन कुछ लोग चाइनीज मांझा यूज करते हैं, जो गलत है क्योंकि इस मांझे से बहुत से पक्षी घायल हो जाते हैं। मैं लोगों से कहना चाहूंगी कि इस मांझे से सावधान रहें, क्योंकि पक्षियों के अलावा बहुत सारे इंसान भी एक्सीडेंट का शिकार हो जाते हैं। आप ऐसा कुछ ना करें कि हमारे फेस्टिवल सेलिब्रेशन की वजह से किसी जीव या इंसान को नुकसान पहुंचे। हम फेस्टिवल को ऐसे सेलिब्रेट करें कि हर किसी को खुशी मिले।'

प्रस्तुतिःसहेली फीचर्स

कंपकंपाती सर्दी के अवसान का संदेश देते सूर्य के उत्तरायण होने पर मकर संक्रांति पर्व अनेक रूपों में मनाया जाता है। ऋतु परिवर्तन के साथ यह पर्व सामाजिक समरसता और पारिवारिक जुड़ाव में गर्माहट लाने का भी अवसर देता है। त्योहारी उत्साह और भावनात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण स्त्रियां, इस अवसर का भरपूर सकारात्मक उपयोग करती हैं।

## मकर संक्रांति
## ऊर्जा-उत्साह के बिखरते हैं नए रंग



आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

सामाजिक मेल-जोल, जरूरतमंदों की मदद और अपनों संग हंसने खिलखिलाने का पर्व है मकर संक्रांति। यह पर्व पूरे परिवार को जोड़ने वाला एक उत्सव है। इसमें सेहत सहेजने का संदेश है, शगुन-सौगात देने की रिवायत है, साथ ही स्त्रियों के उल्लास से इस पर्व के रंग आसमान में उड़ान भरते हैं। यों भी त्योहारों के जरिए हमारे यहां आपसी जुड़ाव को मजबूती देने में स्त्रियों की सबसे अहम भूमिका होती है। पूरे परिवार को जोड़ने में तो स्त्रियां सदा आगे रहती ही हैं। मकर संक्रांति के त्योहार पर उनकी भूमिका और भी मुखर हो उठती है। तिल-गुड़ की मिठास परोसने से लेकर पतंगबाजी के पेंच लड़ाने और रीति-रिवाज निभाने तक। नए साल के इस पहले पर्व पर ऊर्जा और उत्साह के भी नए रंग बिखरते हैं।



**सेहत सहेजने का खयाल**

हमारे भारतीय समाज में परिवार की सेहत सहेजने की सोच हर स्त्री के मन में गहराई से बसी होती है। संक्रांति का त्योहार स्वस्थ खान-पान और प्राकृतिक जीवनशैली से भी जुड़ा है। पतंगबाजी का यह पर्व ना सिर्फ रहन-सहन, खान-पान और दिनचर्या में बदलाव का एक मोड़ होता है बल्कि सेहत के लिए सार्थक संदेश भी देता है। छंटते कोहरे और गुनगुनी धूप वाली इस रुत में घर के हर सदस्य की दिनचर्या बदल जाती है। मकर संक्रांति पर सूर्य के उत्तर दिशा में जाने से दिन बड़े होने लगते हैं। प्रकृति करवट लेती है। महिलाएं तिल, मूंगफली, गुड़, चावल और उड़द की दाल जैसी चीजों के स्नैक्स, मिठाई और पकवान बनाती हैं। सर्दियों के बाद ऊर्जा से भरी जीवनशैली की ओर लौटने का यह पड़ाव स्त्रियों के लिए अपनों की सेहत संभालने का भी समय होता है। धूप सेंकते हुए बच्चों-बड़ों की मालिश करना, सिगड़ी जलाकर बातचीत की बैठकी जमाना या पौष्टिक और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली चीजों को खान-पान का हिस्सा बनाना, इस तरह महिलाएं इस मौसमी त्योहार के समय अपनों की सेहत के मोर्चे पर बहुत अधिक मुस्तैद रहती हैं।



**सामाजिक सामंजस्य की भावना**

सामाजिक संबंध पतंग डोर जैसे ही तो होते हैं। आपसी जुड़ाव ही हमें जीवंत बने रहने का आसमान देता है। साझे सरोकारों की डोर ही सामाजिक जुड़ाव में ठहराव लाती है। आस-पड़ोस के लोगों में भावनात्मक बंधन बनाती है। सगे-संबंधियों को करीब लाती है। सामंजस्य की डोर के बंधन के बिना एक-दूजे से कटकर जीने के तो कोई मायने ही नहीं हैं। संघर्ष का दौर हो या सहज स्थितियां, आपसी तालमेल की इस बुनियाद को स्त्रियां सबसे ज्यादा मजबूत बनाती हैं। सुख-दुख साझा करना हो या मिल-जुलकर पर्व मनाना, रिश्तों के ताने-बाने को सहेजती स्त्रियां स्नेह की प्रेमपगी डोर से परिचितों-अपरिचितों को बांधती हैं। सद्भाव की उड़ान को बल देने वाला यह भाव भारतीय समाज की पहचान रहा है। हमारी पारिवारिक व्यवस्था को थामने वाला आधार बना है। मकर संक्रांति के पर्व पर समाज और परिवार को बांधने वाला मेल-मिलाप का यह भाव-चाव देश के हर कोने में साफ दिखाई देता है। तमिलनाडु में पोंगल तो आंध्र प्रदेश, कर्नाटक व केरल में संक्रांति। हिमाचल प्रदेश, हरियाणा एवं पंजाब में माघी तो गुजरात में उत्तरायण के नाम से मनाए जाने वाले इस त्योहार पर स्त्रियां सामाजिक सद्भाव को मन से सींचती हैं। संक्रांति के त्योहार पर घर-परिवार के सभी लोग इकट्ठे होकर खुशियां मनाते हैं। पूरा परिवार छत पर जमा होकर पतंगबाजी करता है। हंसता-खिलखिलाता है। आस-पड़ोसी भी एक-दूजे से जुड़ते, बोलते-बतियाते हैं। खुशियों के भावों को जोड़ने वाली साझी कड़ी, महिलाएं ही होती हैं। सामाजिकता के भावों को पोषण देते हुए मेल-जोल का माहौल बनाती हैं। सृष्टि के लिए ऊर्जा के स्रोत सूर्य की आराधना के इस पर्व पर स्त्री मन की सामाजिकता का भाव कई मानवीय पहलुओं पर मुखर होता दिखता है।

**मदद की सोच**

**मकर संक्रांति** के त्योहार पर किया जाने वाला दान भी सामाजिक सरोकार की सोच से ही जुड़ा है। मन के मेल संग अपने माहौल में किसी जरूरतमंद का मददगार बनना, इस पर्व का सबसे सुंदर पक्ष है। रिवाज के मुताबिक शगुन स्वरूप दान करने की बात हो या कमजोर परिस्थितियों से जूझते लोगों की सहायता करने का भाव, स्त्रियां हमेशा आगे रहती हैं। मानवीय मदद से जुड़ी सामाजिक मान्यताओं के मायने, स्त्रियां व्यावहारिक धरातल पर उतारती दिखती हैं। प्रकृति का आभार जताने के इस पर्व पर जरूरतमंदों को दान देने की रीत का निर्वहन ज्यादातर घर की महिलाएं ही करती हैं। जिसके चलते सामाजिक सरोकार से भी स्त्रियां गहराई से जुड़ जाती हैं।

सलाह / विनीता

## रिश्तों में घोलें मिठास



मकर संक्रांति के पर्व का नाम सुनते ही बचपन की मीठी यादें ताजा हो जाती हैं, जब कई दिनों पहले से ही त्योहार की तैयारियां शुरू हो जाती थीं। घरों से तिल भुनने की सौंधी-सौंधी महक एक अलग ही माहौल बना देती थी। परिवार की सभी महिलाएं साथ मिलकर तिल और लइया के लड्डू और मूंगफली की चिक्की बनाने में जुट जाती थीं। गुड़ की चाशनी में बने ये लड्डू अलग ही स्वाद देते। इनका आनंद लेते घर में बच्चे खुश होकर उछल-कूद मचाने लगते थे।

**तिल की ऊष्मा से सकारात्मक ऊर्जा का संचार :** मकर संक्रांति के दिन हमें सुबह सूर्योदय से पहले ही जगा दिया जाता था, क्योंकि इस दिन ब्रह्म मुहूर्त में सिर पर तिल रख कर स्नान करने के बाद आग में तिल की आहुति दे, उसके आस-पास बैठने का विधान है। ऐसा माना जाता है कि तिल की ऊष्मा से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और साथ बैठकर आग तापने से रिश्ते में आत्मीयता बढ़ती है।

**प्रेम की डोर से बांधते रिश्ते :** मकर संक्रांति के अवसर पर लोग अपने रिश्तेदारों, दोस्तों और पड़ोसियों को रेवड़ी और गजक का उपहार देते हैं। आमतौर पर यह जिम्मेदारी हम बच्चों को ही सौंपी जाती थी। हम बच्चे पड़ोस के घरों में पकवानों से भरी कटोरियां पहुंचाने जाते थे, बदले में हमें भी वहां से उपहार मिलता था। हम खुश होकर घर लौटते। दरअसल, मकर संक्रांति का पर्व एक ऐसा माध्यम है, जो लोगों के रिश्तों को प्रेम की डोर से बांधे रखता है।

**स्नेहपूर्ण व्यवहार का दें अनमोल उपहार :** इस बार मकर संक्रांति त्योहार के अवसर पर आप खुद से यह वादा करें कि उपहारों का आदान-प्रदान केवल वस्तुओं तक ही सीमित नहीं रखेंगी बल्कि अबकी आप अपनों से स्नेहपूर्ण व्यवहार का एक अनमोल उपहार देंगी, जो आजीवन उनके लिए उपयोगी साबित होगा। केवल त्योहार के दिन ही नहीं, बल्कि हमेशा अपने प्रेमपूर्ण व्यवहार से रिश्तों को सींचेंगी। लोगों को फोन करके उनका हाल पूछेंगी, समय निकालकर उनसे मिलने जाएंगी और जब भी उन्हें जरूरत होगी, हमेशा खुद आगे बढ़कर उनकी मदद करेंगी, ऐसी अच्छी आदतों को अपनी दिनचर्या में शामिल करेंगी। उपहार देने के साथ लोगों तक अपनी सद्भावनाएं भी पहुंचाएंगी।

रेसिपी
ओम प्रकाश गुप्ता

मकर संक्रांति के अवसर पर तिल और गुड़ से कई तरह के व्यंजन बनाए-खाए जाते हैं। आप भी इन्हें आसानी से घर पर ही बना सकती हैं। यहां हम आपको बता रहे हैं ऐसे कुछ व्यंजनों की रेसिपी।

## मकर संक्रांति पर बनाएं तिल-गुड़ के व्यंजन



### मूंगफली गुड़-पट्टी

**सामग्रीः** कसा हुआ गुड़- 1 बड़ा कप, भूनी मूंगफली के टुकड़े-1 बड़ा कप, घी-1 बड़ा चम्मच, पानी-आवश्यकतानुसार

**विधिः** कड़ाही में घी गरम करें। इसमें कसा हुआ गुड़ और 1 बड़ा चम्मच पानी मिलाकर पकाएं। आवश्यकता हो तो थोड़ा पानी और मिला लें। गुड़ की गाढ़ी चाशनी बन जाने पर मूंगफली के टुकड़े मिलाकर चिकनाई लगी ट्रे में जमाएं। कुछ देर बाद मनचाहे आकार में काट लें। मूंगफली गुड़ की पट्टी तैयार है।

### तिल-गुड़ के लड्डू



**सामग्रीः** सफेद तिल-250 ग्राम, गुड़ का चूरा-200 ग्राम, कद्दूकस किया सूखा नारियल-100 ग्राम, इलायची पावडर-आधा छोटा चम्मच, घी-1 बड़ा चम्मच

**विधिः** पहले भारी तले की कड़ाही में घी गर्म करें। इसमें तिल मिलाकर मध्यम आंच पर चलाते हुए हल्का ब्राउन होने तक भूनें। इसमें गुड़ का चूरा, सूखा नारियल और इलायची पावडर डालकर अच्छी तरह मिलाकर गैस बंद कर दें। मिश्रण जब हल्का गर्म रहे, तभी हाथों को चिकना करके मनचाहे आकार के लड्डू बना लें।

### तिल-पिस्ता बर्फी



**सामग्रीः** तिल-200 ग्राम, खोया-100 ग्राम, पिस्ता-चौथाई कप, पिसी चीनी-75 ग्राम, शुद्ध घी-1 छोटा चम्मच

**विधिः** सबसे पहले तिल भूनकर रख लें। अब खोया को मंदी आंच पर गुलाबी होने तक भूनें। इसमें भुने तिल मिलाकर थोड़ा और भूनें। जब मिश्रण कड़ाही छोड़ने लगे तब घी डालकर चलाएं। आंच से उतारकर चीनी मिलाएं फिर चिकनाई लगी थाली में जमाकर पिस्ता बुरक दें। मनचाहे आकार में काट लें।

### तिल-पोटेटो थाली पीठ

**सामग्री :** गेहूं का आटा-1 कप, बेसन-आधा कप, कसे हुए उबले आलू-1 कप, अदरक पेस्ट-1 छोटा चम्मच, बारीक कटी हरी मिर्च-1 बड़ा चम्मच, तिल-1 बड़ा चम्मच, नमक-स्वादानुसार, जीरा-1 छोटा चम्मच, दही-1 कप, रिफाइंड ऑयल-सेंकने के लिए

**विधिः** तिल, तेल, दही और हरी मिर्च छोड़कर सारी सामग्री अच्छी तरह मिलाएं। मिश्रण में आवश्यकतानुसार दही मिलाकर आटा गूंध लें। तैयार आटे की लोइयां बनाएं। थोड़ा-थोड़ा तिल और हरी मिर्च लगाकर लोइयों को बेल लें। कटोरी से गोल काट लें। तवा गरम करके दोनों ओर तेल लगाते हुए उलट-पलट कर थाली पीठ सेंक लें। अब अचार या चटनी के साथ परोसें।





ड्रेसअप / ममता आनंद
फैशन डिजाइनर

इन दिनों आप मकर संक्रांति की तैयारियों में जुटी होंगी। इस दिन पहनी जाने वाली ड्रेस का सेलेक्शन अगर आपने अब तक नहीं किया है तो हम आपको बता रहे हैं, कुछ ट्रेडिशनल ड्रेसेस के बारे में। इनसे आपको मिलेगा कंप्लीट फेस्टिवल लुक।

## इस मकर संक्रांति पर पहनें अट्रैक्टिव-ट्रेडिशनल ड्रेसेस

नया साल शुरू होते ही पारंपरिक त्योहार मकर संक्रांति का इंतजार बेसब्री से किया जाने लगता है। मकर संक्रांति का जिक्र आते ही मन में उल्लास भर जाता है। इस अवसर पर महिलाएं पूजा-पाठ, खान-पान की तैयारियों के साथ अपने लुक पर भी विशेष ध्यान देती हैं। इस अवसर पर ट्रेडिशनल ड्रेस ही फबती हैं। इसलिए हम आपको बता रहे हैं, कुछ ट्रेडिशनल ड्रेस ऑप्शंस के बारे में, जिन्हें आप इस मकर संक्रांति पर कैरी कर पा सकती हैं फेस्टिव लुक।

**डिफरेंट सूट्स :** अगर आप इस मौके पर सूट कैरी करना चाहती हैं, तो पटियाला सूट ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको प्रॉपर पंजाबी लुक मिलेगा। इसके अलावा आप अनारकली डिजाइन का सूट भी पहन सकती हैं। अगर आप डिफरेंट टाइप का लुक चाहती हैं तो प्लाजो या पैंट सूट ट्राई कर सकती हैं। इस सीजन को देखते हुए फुल स्लीव्स वाले कुर्ते ही परफेक्ट लगते हैं। इस अवसर पर अपने लिए सूट सेलेक्ट करते समय कलर का भी ध्यान रखें। इस मौके पर रेड, यलो, ग्रीन जैसे कलर की ड्रेसेस सबसे अच्छी लगती हैं। जहां तक फैब्रिक की बात है तो वेलवेट या फिर सिल्क का सेलेक्शन करें।

**कलर्ड लॉन्ग स्कर्ट-कुर्ती :** अगर आप इस फेस्टिवल पर ट्रेडिशनल के साथ एथनिक लुक भी चाहती हैं, तो लॉन्ग स्कर्ट विद लॉन्ग कुर्ती पहन सकती हैं। लेकिन स्कर्ट कलरफुल होनी चाहिए। कलर्ड स्कर्ट के साथ लॉन्ग-स्ट्रेट कुर्ती पेयर कर सकती हैं। इस ड्रेस में आप बहुत प्यारी नजर आएंगी। इसके साथ मैचिंग दुपट्टा भी कैरी करें। इससे आपका ट्रेडिशनल लुक कंप्लीट हो जाएगा। कुर्ती पर हैंड वर्क वाली कढ़ाई होगी तो और भी अच्छी दिखेंगी।

**श्रग ड्रेसेस :** इस त्योहार पर अगर आप स्टाइलिश दिखने, ठंड से बचने के साथ कुछ डिफरेंट ड्रेस कैरी करना चाहती हैं, तो आप श्रग या श्रग वाली ड्रेस का सेलेक्शन कर सकती हैं। ऐसा लुक आप अपने वॉर्डरोब में रखी ड्रेसेस से खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। श्रग वाली ड्रेस के लिए नीचे स्कर्ट या प्लाजो पहनें, उसके ऊपर ब्लाउज या फिर कोई टॉप कैरी करें। फेस्टिव लुक कंप्लीट करने के लिए इस ड्रेस के ऊपर श्रग पहनें। श्रग से आपको ट्रेडिशनल लुक मिलेगा। आप चाहें तो साड़ी पर भी श्रग पहन सकती हैं।



**साड़ी :** कई वर्किंग वूमेन डेली रूटीन में साड़ी नहीं पहनती हैं। लेकिन मकर संक्रांति के अवसर पर साड़ी पहनेंगी तो फेस्टिव लुक ही नहीं मिलेगा, आपको फील गुड भी होगा। इन दिनों मार्केट में आपको साड़ी की कई वैरायटीज मिल जाएंगी। मौसम में ठंड को देखते हुए आप सिल्क फैब्रिक की साड़ी को वियर कर सकती हैं। इसमें आप अट्रैक्टिव दिखने के साथ ठंड से भी बचेंगी। अगर आप कुछ डिफरेंट लुक चाहती हैं, तो साड़ी को वेलवेट में डिजाइन करवा सकती हैं। इन दिनों वेलवेट ट्रेंड में भी है।

**लाइट वेटेड लहंगा :** अगर आपका मन सूट या साड़ी से इतर कोई ट्रेडिशनल ड्रेस पहनने का है तो लहंगा भी पहन सकती हैं। आपको मार्केट में लाइट वेटेड कई तरह के लहंगे मिल जाएंगे। सर्दी का मौसम है, तो आप सिल्क लुक वाला लहंगा खरीद सकती हैं। पर ध्यान रहे कि लहंगा बहुत ज्यादा हैवी ना हो, ताकि आप उसे आसानी से कैरी कर सकें। लहंगा लेते समय उसमें ऑरेंज, रेड या फिर वाइन कलर सेलेक्ट करें।

प्रस्तुति : निधि गोयल

## खबर संक्षेप

### फौजी को बनाया सोनीपत का लोकसभा प्रभारी

**भिवानी।** पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए सोनीपत लोकसभा सीट का समन्वयक प्रभारी बनाया गया है। पूर्व सीपीएस फौजी ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी,पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ,राष्ट्रीय अध्यक्ष मगिकार्जुन खड़गे ,संगठन के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल,हरियाणा प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया, नेता प्रतिपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री चौ भूपेंद्र सिंह हुड्डा , हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष चौ उदय भान, रा यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का आभार जताया।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का हुआ समापन

**बवानीखेड़ा।** गांव बलियाली के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हुआ। इस शिविर में स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर मेकिंग, नारा.लेखन आदि विभिन्न गतिविधियों में बढ़.चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने एनएसएस प्रभारी डॉ. कविता तवंर के निर्देशन में नशा मुंक्त हरियाणा, आत्मनिर्भर भारत, यातायात सड़क सुरक्षा, स्वच्छ भार.स्वस्थ भारत के बारे में जागरूक किया।

### श्रीराम मंदिर उद्घाटन को लेकर लोगों में उत्साह

**भिवानी।** अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम मंदिर के भव्य उद्घाटन समारोह को लेकर विकास नगर में हरको बैंक चंडीगढ़ की निदेशक सुजीता शर्मा के नेतृत्व में निमंत्रण देने के लिए रामजन्म भुमि अयोध्या से आए अक्षत, निमंत्रण पत्र और मंदिर परिसर का चित्र वितरित किए। निदेशक सुजीता शर्मा ने कहा कि पूरे देश वासी तो इस समारोह में उपस्थित नहीं हो सकते लेकिन वे 22 जनवरी को अपने.अपने घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव व शहर में स्थित मंदिरों में एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण भी किया जाएगा ताकि हर भारतवासी इस आयोजन को अपने घर बैठे देख सकते हैं।

### गुरुनानकपुरा में सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को निःशुल्क सुंदरकांड पाठ का आयोजन राजेंद्र बंसल के निवास स्थान मोहल्ला गुरुनानकपुरा निर्मल क्लीनिक के पास किया जाएगा। मंडल के सदस्य राकेश गुप्ता ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे। सुंदरकांड पाठ के बाद भजनों का दौर शुरू होगा।

### बिजली निगम ने किसानों के लिए बदला शेड्यूल

**नारनौल।** महेंद्रगढ़ की सब्जी मंडी में रविवार को आयोजित नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी के अभिनंदन समारोह में किसानों को दिन में बिजली दिए जाने की रखी गई मांग पर संज्ञान लेते हुए राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने बिजली निगम अधिकारियों को निर्देश दिए थे। राज्यमंत्री के आदेश अनुसार सोमवार से बिजली निगम ने अपना शेड्यूल दिन में कर दिया है।

---

जूना पीठाधीश्वर प्राचीन अखंड धूना जीर्णोद्धार एवं संत कुटीर लोकार्पण करेंगे

# देश-विदेश से पहुंचेंगे महंत,भंडारे एवं संत समागम की तैयारियां जोरों पर बाबा जहरगिरी की पुण्यतिथि पर वार्षिक भंडारा एवं संत समागम 19 को

## 12 से 16 जनवरी तक श्रीकृष्णानंद भगवान शंकर की कथा का वाचन करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

परमहंस बाबा जहरगिरी दातार की पुण्यतिथि के अवसर पर 19 जनवरी को हालुवास गेट स्थित सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में होने वाले वार्षिक भंडारे एवं संत समागम की तैयारियां जोरो पर है। भंडारे एवं संत समागम में देश भर के श्रद्धालु एवं साधु.संत पहुंचेंगे। यह जानकारी आश्रम के प्रवक्ता सुरेश सैनी ने दी। उन्होंने बताया कि भंडारे एवं संत समागम में मुख्य रूप से जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी एवं अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेम गिरी पहुंचेंगे। इनके अलावा अन्य अखाड़ों के श्रीमहंत व महामंडलेश्वर भी पहुंचेंगे। जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी 350 वर्षों प्राचीन अखंड धूना जीर्णोद्धार एवं संत कुटीर लोकार्पण करेंगे। उन्होंने बताया कि वार्षिक भंडारे एवं संत समागम कार्यक्रमों की कड़ी में 12 से 16 जनवरी तक श्रीकृष्णानंद द्वारा भगवान शंकर के दिव्य महिमा प्रसंग की कथा का वाचन किया जाएगा।

### जहरगिरी मंदिर का इतिहास

350 वर्ष पूर्व एक छोटे से कमरे में शुरू हुआ सिद्धपीठ बाबा जहरगिरि आश्रम आज किसी पहचान का मोहताज नहीं है। आश्रम में जहां बच्चों को वैदिक शिक्षा पद्धति मुहैया करवाई जा रही हैए वहीं गिर गाय, साहीवाल नस्ल की गाय आश्रम की शोभा बढ़ा रही है। बाबा शंकर गिरि के चोला छोडने के बाद आश्रम की कमान जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय श्रीमहंत व आश्रम पीठाधीश्वर डॉ. अशोक गिरि महाराज संभाल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रीमहंत जूना अखाड़ा आश्रम के पीठाधीश्वर डॉ. अशोक गिरि महाराज के सानिध्य में चारों नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की विशेष पूजा अर्चना की जाती है।

### ऐसे यहां आए थे बाबा जहरगिरि



भिवानीवासी एक करोड़पति खुबा राम नामक सेठ के आग्रह पर बाबा जहरगिरि सोने.चांदी के सिक्कों की बरसात के साथ भिवानी आए थे। बाबा जहरगिरि ने सेठ की भक्ति देखकर कहा था कि खूबाराम कहावत है कि रमता जोगी व बहता पानी स्थिर नहीं रहता और न ही रह सकते है, परंतु फिर भी मैं तुमसे कहता हूं कि हम शरीर त्याग देंगे पर ये स्थान नहीं छोड़ेंगे। ऐसा कहकर बाबा ने यही भिवानी में धूना लगाया और वहीं बैठ गए। लगभग 137 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद बाबा ब्रह्मलीन हो गए। बाबा जहरगिरि के ब्रह्मलीन होने के बाद सेठ खुबाराम ने गिरी महंत के रूप में आश्रम संभाला। उनके बाद केशव गिरि, बिहारी गिरि, गुप्त गिरि,मंगल गरि, बाबा शोला, बाबा शंकर गिरि के चोला छोडने के बाद अब श्रीमहंत अशोक गिरी आश्रम की बागडोर संभाल रहे हैं। बता दे कि डॉ. अशोक गिरी अब तक सबसे छोटी उम्र के अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत है, जिन्होंने दर्शन शास्त्री में पीएचडी की हुई है।

### धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान दिए जाते है सामाजिक संदेश

बाबा जहरगिरी आश्रम में समय.समय पर आयोजित किए जाने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में सामाजिक संदेश को भी प्रमुखता से उठाया जाता है। जिसमें जल एवं पर्यावरण संरक्षणए गौसेवा के साथ.साथ विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते है। इसके अलावा युवा पीढी के मन में सनातन धर्म के प्रति सम्मान भाव को बनाए रखने के लिए संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित करवाए जाते रहते है।

---

हड़पी गई राशि वापस दिए जाने की गुहार

# कड़कड़ाती ठंड में अन्नदाताओं का धरना छठे दिन भी रहा जारी



भिवानी। कुंगड़ बैंक के बाहर धरने पर बैठे किसान।

## किसानों का रूपया देने में आनाकानी हुई तो प्रदर्शन करने पर होंगे मजबूर : चांदीराम कुंगड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

इस कडक़ड़ाती सर्दी में जहां घर से निकलना भी मुश्किल भरा है, वही दूसरी तरफ अन्नदाता सड़कों पर बैठकर धोखाधड़ी से हड़पी गई राशि वापस दिए जाने की गुहार लगा रहे है। धोखाधड़ी की मार झेलने के बाद अपने रुपये ब्याज सहित वापस लेने की मांग को लेकर जिला के गांव कुंगड़ स्थित एसबीआई के समक्ष जारी किसानों का धरना सोमवार को छठे दिन भी जारी रहा। किसानों ने नारेबाजी करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि उन्हे उनका रूपया ब्याज सहित मिलने तक धरने पर बैठे रहेंगे। सोमवार को धरने की अध्यक्षता दिलबाग सिंह गोयत ने की तथा संचालन ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के बवानीखेड़ा ब्लॉक प्रधान चांदीराम कुंगड़ ने की। धरने को संबोधित करते हुए ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के बवानीखेड़ा ब्लॉक प्रधान चांदीराम कुंगड़ ने कहा कि गांव कुंगड़ स्थित एसबीआई के पूर्व मैनेजर द्वारा सैंकड़ों किसानों के खातों करोड़ों रुपये का गबन किया गया था।

किसानों को भी इस धोखाधड़ी की भनक तब लगी जब बैंक द्वारा किसानों को रूपय जमा करवाए जाने के नोटिस भेजे जाने लगे। ऐसे में अब अन्नदाता अपना रूपया ब्याज समेत वापिस देने की मांग को लेकर धरनारत्त है।

उन्होंने कहा कि बैंक के उच्च अधिकारियों द्वारा उन्हे 45 दिनों में रूपया वापिस करने का आश्वासन दिया गया हैए लेकिन जब तक उन्हे उनका रूपया वापिस नहीं मिल जाता, वे धरना समाप्त नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बैंक प्रशासन अपने वायदे से मुकरता है ता किसानों का रूपया देने में आनाकानी करता है तो किसान बैंक के खिलाफ मोचार् खोलने में देर नहीं लगाएंगे। इस अवसर पर चांदीराम, दिलबाग, बेद कामरेड खेड़ी, कामरेड राजेश, महाबीर, कुलबीर, डीपी, प्रेम सिंह, सत्यवान बेनिवाल, मोहन सिहाग, महताब, रामेहर, सुल्जान जांगड़ा सहित अनेक किसान मौजूद रहे।

---

# युवा न्याय सम्मेलन का दिया निमंत्रण

- अर्जुन चौटाला ने युवा न्याय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की लगाई ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित समर्थकों को संबोधित करते अर्जुन चौटाला।

प्रदेश की भाजपा.जजपा गठबंधन सरकार पूर्ण रूप से युवा विरोधी साबित हुई है, जिसने युवाओं के हित में कार्य करने की बजाए उन्हे बेरोजगारी की दलदल में धकेलने का काम किया है। जिसके चलते प्रदेश भर का युवा वर्ग प्रदेश सरकार की युवा विरोधी नीतियों से तंग आ चुका है तथा कैथल में 21 जनवरी को आयोजित होने वाले इनेलो के प्रदेश स्तरीय युवा न्याय सम्मेलन में भारी तादात में हिस्सा लेते हुए प्रदेश की युवा विरोधी भाजपा.जजपा गठबंधन सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होगा। यह बात इंडियन स्टूडेंट आर्गेनाईजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन चौटाला ने सोमवार को स्थानीय जाट धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। वे यहां 21 जनवरी को होने वाले युवा न्याय सम्मेलन का निमंत्रण देने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सम्मेलन के लिए युवाओं की ड्यूटियां भी लगाई। इस दौरान उनके साथ युवा प्रदेश अध्यक्ष उदयवीर राजोंद भी पहुंचे थे। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता इनेलो युवा जिला अध्यक्ष निशांत सिंह ढांडा ने की।

---

# बजरंग को समन्वयक बनाए जाने से होगा कांग्रेस को फायदाः बुवानी वाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



- बजरंगदास गर्ग को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने पर सोनिया गांधी का आभर जताया

डॉ. पवन बुवानीवाला।

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति द्वारा हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग दास गर्ग को भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र का समन्वयक बनाए जाने से कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव 2024 में विशेष लाभ होगा व कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत से चुनाव लड़ेंगी। यह बात काग्रेस के वरिष्ठ नेता व हरियाणा प्रदेश व्यापार मण्डल के महासचिव डॉ. पवन बुवानीवाला ने कही। डॉ.पवन बुवानीवाला ने बजरंगदास गर्ग को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपने पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी,राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, संगठन के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल,हरियाणा प्रदेश प्रभारी, दीपक बाबरिया, नेता प्रतिपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री चौ भूपेंद्र सिंह हुड्डा, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष चौ उदय भान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा का आभार जताया है।

### स्व. रिछपाल सिंह की मनाई जयंती

**भिवानी।** हनुमान गेट खातीवास मौहल्ला निवासी पूर्व स्वंत्रता सेनानी स्व.रिछपाल सिंह की जयंती पर स्वामी जीतु धानक समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा हनुमान गेट स्थित स्वामी जीतू पतीत पावल पाठशाला में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में विधायक घनश्याम सर्राफ , विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़ व वरिष्ठ भाजपा नेता ठा. विक्त्रम सिंह व कलानौर से पूर्व विधायक सरिता नारायण ने शिरकत की। कार्यक्त्रम का शुभारंभ अतिथिगणों ने स्वतंत्रता सेनानी स्व. रिछपाल सिहं की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके व पुष्पार्पित कर किया। मंच का संचालन पंकज किराड़ ने किया तथा अध्यक्षता प्रदीप किराड़ ने की।

---

# आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रहा है भारत



**तोशाम।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को क्षेत्र के गांव हसान, देवराला, बाबरवास, मनसरवास, जूई बिचली व खैरपुरा गांव में पंहुची। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव सम्बोधन सुनाया गया। वहीं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल पर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निवारण किया गया। इस मौके पर विकसित भारत का संकल्प दिलाया गया। गांव हसान में जिला परिषद कि चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि भारत देश आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य पर काम कर रहा है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष नन्दराम धानिया, यात्रा के जिला कॉर्डिनेटर सन्दीप श्योराण व विस्तारक उमेद सिंह हसानिया ने कहा कि वर्तमान में सरकार का उद्देश्य 140 करोड़ देशवासियों का लक्ष्य देश कोआत्मनिर्भर और विकसित बनाना है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव में दिए गए पंच प्रण ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना साकार करने में सहायक सिद्ध होंगे।

---

# पुलिस फोन पर लेगी फीडबैक

- जिला पुलिस ने पुलिस चौकी और थानों में दर्ज शिकायतों की मॉनिटरिंग के लिए मुख्यालय पर बनाया फीड बैक सेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी



चरखी दादरी। फोन पर शिकायतकर्ता से फीडबैक लेते पुलिसकर्मी।

अब फरियादी की दरखास्त पर पुलिस फोन कर उसका फीडबैक ले रही है। इसके लिए दादरी जिला पुलिस मुख्यालय पर फीडबैक सेल बनाया गया है। इसमें अगस्त माह से अब तक पुलिस चौकी और थानों में दर्ज कराई गई 2432 शिकायतों पर शिकायतकर्ताओं का फीडबैक जाना है। इनमें 82 फीसदी शिकायतों पर पुलिस कार्रवाई पर शिकायतकर्ताओं ने संतुष्टि जताई है, जबकि 18 फीसदी शिकायतों पर पुलिस कार्रवाई पर असंतोष जाहिर किया है। असंतुष्ट शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का भी अब शत प्रतिशत निदान करने के लिए अलग से कमेटी का गठन किया गया हैए जो ऐसे मामलों को सुलझाएगी। फीडबैक सेल में स्पेशल सेल इंचार्ज के साथ अलग से स्टाफ की तैनाती भी की गई है, जो दर्ज शिकायतों पर सिर्फ फीडबैक लेकर पुलिस कार्रवाई के बारे में लोगों की राय जानने का काम कर रही है।फीडबैक सेल में एचसी धर्मेन्द्र को इंचार्ज बनाया गया है। वहीं अलग से स्टाफ की तैनाती की गई है। स्टाफ शिकायतों पर फीडबैक लेने के लिए खास तौर पर प्रशिक्षित भी किया गया है। फीडबैक सेल में तैनात कर्मचारी दादरी जिले में पुलिस चौकियों और थानों में दर्ज होने वाली शिकायतों पर रोजाना मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

---

# बीआरसीएम ज्ञानकुंज एनएसएस शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर का सोमवार को समापन किया गया। कार्यक्रम में साहिल गोस्वमी, शौर्य शर्मा, सचिन सांगवान को बेस्ट वॉलिंटियर्स के अवार्ड से नवाजा गया। शिविरार्थियों ने सोरड़ा कदीम गांव में जागरूकता रैली निकालकर सामाजिक कार्यों के लिए लोगों को जागरूक किया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य राजेश झाझरिया ने किया।

कोर्डिनेटर भीम सिंह पूनिया, रेनू गाढा ने कार्यक्रम की शुरूआत में शिविरार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी जोगेंद्र सिंह ने सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। सात दिवसीय शिविर में अनेक गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले वॉलिंटियर्स को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

काजल पूनिया को बेस्ट एंकर अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राजेश कुमार झाझरिया ने कहा आज हमारे देश के युवा अपना भविष्य विदेश में तलाश रहे, जबकि उन्होंने जिस देश में जन्म लिया उस मातृभूमि के प्रति अपने कर्तव्यों को भूलना नहीं चाहिए।

---

# लोगों को सारी सुविधाएं घर बैठे मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल



बहल। एकत्रित लोगों को संबोधित करते कृषिमंत्री जेपी दलाल।

प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आमजन के लिए योजनाओं की गारंटी की यात्रा है। यात्रा एक माध्यम है जिससे हर भारतवासी को यह संकल्प लेना है कि हम आने वाले सालों में भारत को एक विकसित देश बनाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का यह संकल्प है कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को उसके घर बैठे मिले। वे सोमवार को गांव ढाणी भाकरां में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्यातिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों के बीच में बैठकर पीएम मोदी का लाइव संदेश सुना। उन्होंने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलाई और कहा कि इस विकास की यात्रा में हर जन को सहयोग देना होगा। कृषि मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने पहले वाली व्यवस्था को बदलने का काम किया है। पहले लोगों को छोटे छोटे कामों के लिए सरकारी दफ्तरों व अधिकारियों के चक्कर काटने पड़ते थे। पर, अब लोगों को सारी सुविधाएं घर बैठे मिल रही है।

कृषि मंत्री के समक्ष गांव ढाणी भाकरां के लोगों ने पेयजल समस्या रखी तो उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे गांव में पानी की समस्या का तुरंत प्रभाव से निजात करें।

---

आर्थिक मदद

## 496 लाभपात्रों को तीन करोड़ 96 लाख 80 हजार की सहायता दी जा चुकी

योजना के तहत सभी बीपीएल परिवारों को लाभ दिया जाता

# बीपीएल परिवार मकान निर्माण के लिए ले सकते 80 हजार की आर्थिक सहायता : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। उपायुक्त नरेश कुमार नरवाल।

डॉ. बीआर अंबेडकर नवीनीकरण आवास योजना का उद्देश्य राज्य के गरीब परिवारों को उनकी मकान की मरम्मत के लिए आर्थिक मदद उपलब्ध करवाना है। इस योजना के अंतर्गत जो भी नागरिक सरकार द्वारा मकान की मरम्मत के लिए प्रदान की जाने वाली आर्थिक सहायता की राशि लेना चाहते हैं वे पात्रता को चेक करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग द्वारा एक अप्रैल 2023 से 31 दिसंबर 2023 के बीच डॉ. बीआर अंबेडकर नवीनीकरण आवास योजना के तहत 496 लाभपात्रों को तीन करोड़ 96 लाख 80 हजार रुपए की सहायता दी जा चुकी है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक ऑनलाइन माध्यम से हरियाणा सरल पोर्टल द्वार भी आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त नरेश नरवाल ने बताया सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय विभाग द्वारा डा. बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना में मकान मरम्मत के लिए बीपीएल परिवार को 80 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है।

ये राशि एक मुश्त दी जाती है, जिसे लाभार्थी के पंजीकृत और आधार लिंक्ड बैंक खाते में ट्रांसफर किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत सभी बीपीएल परिवारों को लाभ दिया जाता है।

### योजना के लिए जरूरी दस्तावेज

इस योजना के लिए फार्म को गांव के सरपंच या शहर में नगर पार्षद से सत्यापित करवाना आवश्यक है। आवेदक अपनी फैमिली आईडी, राशन कार्ड बीपीएल कार्ड धारकों के लिए, बैंक खाता कॉपी, रिहायशी प्रमाण.पत्र, जाति प्रमाण.पत्र, मकान की रजिस्ट्री व फर्द, परिवार पहचान.पत्र, आय प्रमाण.पत्र, आवेदक की मकान के सामने खड़े होकर फोटो तथा बिजली का बिल व पानी का बिल व चूल्हा टैक्स व हाउस टैक्स इन में से कोई एक दस्तावेज और मकान की मरम्मत पर अनुमानित खर्च का प्रमाण आदि दस्तावेज आवेदन के साथ जरूर लगाए। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए स्थानीय लघु सचिवालय स्थित जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय से संपर्क करें।

### नवीनीकरण आवास योजना के लिए ये है योग्यता

इस योजना का आवेदक हरियाणा राज्य का स्थाई निवासी हो। आवेदक का नाम बीपीएल राशन कार्ड लिस्ट में दर्ज होना चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख से अधिक न हो। आवेदक जिस घर की मरम्मत के लिए आर्थिक सहायता राशि लेना चाहता ह, वह मकान 10 वर्ष या इससे अधिक वषोंर् से आवेदक के नाम होना चाहिए और मरम्मत के लायक होना चाहिए तथा आवेदक के द्वारा पहले उस घर की मरम्मत के लिए किसी भी विभाग से अनुदान व पैसा ना लिया गया हो।

## खबर संक्षेप

### 140 मरीजों को निःशुल्क जांच कर दवाइयां दी

**भिवानी।** रविवार को रोटरी क्लब भिवानी द्वारा टीआईटी सीसे स्कूल, बिरला कालोनी भिवानी के हॉल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब, भिवानी के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। शिविर में 140 मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां प्रदान की गई। शिविर में डॉ. वेद प्रकाश अग्रवाल, डॉ. केसी काजल, डॉ. एनके् गर्ग, डॉ. योगेन्द्र देशवाल, डॉ. हिमांशु अंचल, डॉ. अमन राहड़, डॉ. सविता अग्रवाल, डॉ. सुमिता देशवाल ने सहयोग किया

### वकीलों की सुविधाओं का करेंगे विस्तारः सत्यजीत

**भिवानी।** जिला बार एसोसिएशन भिवानी के लगातार चौथी बार निर्वाचित हुए प्रधान सत्यजीत पिलानिया का विद्या नगर,हनुमान मंदिर के नजदीक स्थित पार्क के पास अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थिजनों ने पिलानिया का फूल.मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इस मौके पर प्रधान सत्यजीत पिलानिया ने कहा कि अपनी इस योजना में भी वे अधिवक्ताओं के लिए अधिक से अधिक सुविधाओं का विस्तार करें। उन्होंने कहा कि कुछ काम बाकी रह गए थे उनका प्रयास है कि इस बारे वे उन उन कार्यों को अमलीजामा पहनाएंगे, ताकि अधिक से अधिक सुविधाएं मिल सकें।

### 60 वर्ष की आयु में रिटायर करने का कानून वापस लेने की मांग

# डिपो होल्डरों ने मांगों को लेकर डीएफ एससी को सौंपा ज्ञापन

डिपो होलडर एसो. की जिला प्रधान राज सरपंच की अध्यक्षता में बैठक



भिवानी। मांगों को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। फोटो : हरिभूमि

**एक जनवरी से चल रही है हड़ताल**

उन्होंने कहा कि उपरोक्त मांगों को पूरा किया जाए अन्यथा 1 जनवरी से 15 जनवरी तक पूरे देश में चल रही हड़ताल पर रहेंगे तथा 16 जनवरी को दिल्ली में संसद भवन का घेराव करेंगे। इस अवसर पर उमेद सिंह, नरेश कुमार, मुकेश कुमार,जयबीर, रघुनाथ, बिजेन्द्र, सुरेश, भुप सिंह, धर्मपाल, विजय तोशाम, दिनेश घुसकानी, राजेन्द्र ढाणा, विनोद, धर्मपाल, पवन, अनंत उमरावत, सोमवीर, उमेद, वेद, अशोक कुमार, भीम सिंह, बलराज, ओमपाल पुर, राजेन्द्र शर्मा मुंढाल, संजय मुंढाल, तेजभान जुई, सुरेश समेत एसोसिएशन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विभिन्न मांगों को लेकर डिपो होल्डर एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक जिला प्रधान राज सरपंच मुंढाल कलां की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक के बाद सभी सदस्यों ने डीएफएससी केके गोयल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान राज सरपंच ने बताया कि सरकार ने 2022 में एक नया कानून बनाया है, जिसके तहत डिपो संचालकों की आयु 60 वर्ष होने के बाद रिटायर कर दिया जाएगा। उन्होंने जब पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी व ईट भट्टा वालों का लाइसेंस लेने वाले 60 वर्ष की आयु में रिटायर नहीं होते तो राशन डिपो का लाइसेंस मिला हुआ है उन्हें क्यों रिटायर किया जा रहा है।

यह कानून गलत है इसे वापस लिया जाए। उन्होंने कहा कि 600 राशन कार्डों पर एक डिपो होता था पर इसका 300 राशन कार्डों पर किया जा रहा है इससे तो दुकान का किराया एक कर्मचारी का वेतन व बिजली का बिल भी नहीं निकल पाएगा इस कानून को वापस लिया जाए। राशन स्टॉक ट्रांसफर नीति में बदलाव करते हुए केवल उपभोक्ता की भांति केवल राशन डिपो धारक के बायोमेट्रिक एंथेटिकेशन के माध्यम से जरूरत पड़ने पर दूसरे राशन डिपो धारक से आवश्यकता अनुसार न राशन प्राप्त करने की इजाजत दी जाए, राशन से पिछले महीने वंचित रहे उपभोक्ताओं को सभी राशन वस्तु गेंहू, चीनी और सरसों तेल सीएफ के माध्यम से अलगे महीने जारी करने की मंजूरी दी जाए, राशन वितरण ई.पोस मशीन में स्टॉक रिसीव करत समय ऑटोफिल की भांति वितरण करते समय भी सभी वस्तु राशन कार्ड पर ऑटो फिल का ऑप्शन दिया जाए, जिससे राशन वस्तु का गलत मात्रा में वितरण न हो सके जैसे सरसों तेल के मामले में बहुत समस्या आ रही है कि गलती से 1 लीटर मात्रा का वितरण हो जाता है किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। राशन की सभी वस्तुएं 1 से 10 तारीख तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए अथवा 2 महीने का राशन इकट्ठा देने की व्यवस्था की सुविधा दी जाए उन्हें एक महीना एडवांस में राशन देना होगा। सर्वर और नेटवर्क की समस्या से बचने के लिए 5 जी की ई पोस मशीन दी जाए, राशन की मात्रा एक सीमा में सबको लगभग बराबर दी जाए या मशीन में दर्ज राशन कार्ड के अनुसार राशन उपलब्ध करवाया जाए, जो ठेकेदार समय पर राशन डिलीवर नहीं करता उसको जुर्माना या उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएए राशन वितरण का कमीशन केवल ऑटोमेटिक राशन डिपो धारक के बैंक खाता में डालने की प्रक्त्रिया को बिना किसी क्लेम फार्म के शुरू तो कर दिया, लेकिन कांफेड वाले अकाउंट में बहुत देरी से कमीशन डालते हैं इसको तुरंत प्रभाव से खाता में डालने की इजाजत दी जाए,गुजरात सरकार की तरह प्रति डिपो 35 हजार रूपये मानदेय दिया जाए या 200 रूपये क्विंटल की बजाए 300 रूपये प्रति क्विंटल का कमीशन दिया जाए।



लोहारू। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि मा श्यामसुंदर सांगवान। फोटो : हरिभूमि

# बेटी के जन्मदिन पर शिविर लगाया, 36 ने किया रक्तदान

■ मा. श्यामसुंदर ने कहा : रक्तदान से मिलता है सुकून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

स्टेट अवॉर्डी मा. श्यामसुंदर सांगवान ने कहा कि रक्तदान करने से मानसिक संतुष्टि तो मिलती ही है साथ साथ दान किया रक्त किसी जरूरतमंद का जीवन बचाने के काम आता है। एक बार रक्त का दान करने के बाद प्रत्येक तीन महीने में रक्तदान किया जा सकता है।हमें जरूरतमन्दो के लिए सदैव रक्तदान के लिए तैयार रहना चाहिए। वे प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन के कोषाध्यक्ष डॉ. उमेद जांगिड़ की बेटी दीया के जन्म दिवस पर लगाए गए रक्तदान शिविर का शुभारंभ कर रहे थे।

संगठन के अध्यक्ष महेंद्र कथूरिया और मनोज सिंघल ने कहा कि युवा वर्ग को रक्तदान के लिए तैयार रहना चाहिए और शादी. विवाह, वर्षगाँठ जन्मदिन व अन्य मांगलिक अवसरों पर रक्तदान करना चाहिए और अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनना चाहिए। प्रयास एक कोशिश सामाजिक संगठन के संस्थापक मास्टर पवन स्वामी और सोनू श्योराण ने बताया कि शिविर में 36 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया है ,जो जरूरतमंदो को नया जीवन देगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति 3 महीने में रक्तदान कर जरूरतमंद को जीवनदान दे सकते है। रक्तदान शिविर में प्रवक्ता सुरेश भारद्वाज, रिंकू कुमार, मुकेश शर्मा, शशि जैन, मास्टर राकेश सहरावत ने इस अनूठी पहल के लिए दीया के दादा बीरबल जांगिड़ को बधाई दी और दीया की लम्बी उम्र की कामना की व रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। शिविर के संचालन में मनोज जांगिड़, संदीप जांगिड, पूर्व पार्षद ऊष्मा जांगिड़, कर्ण गुप्त, प्रवीण कुमार, चिराग ने अपना योगदान दिया।

# नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने कार्यकर्ताओं को दिए संगठन मजबूती के मंत्र

■ नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने पहली बार ली पदाधिकारियों, मोचार्े के अध्यक्ष व मंडल अध्यक्षों की बैठक

■ भाजपा जिला संगठन पहले से ही है मजबूत, बची हुई कमियों को भी करेंगे दूर : मुकेश गौड



भिवानी। पदाधिकारियों को संगठन मजबूती के टिप्स देते नवनियुक्त जिला प्रधान मुकेश गौड़।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने अपनी नियुक्ति के बाद पहली बार सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय में जिला पदाधिकारियों, मोचार्े के अध्यक्ष व मंडल अध्यक्षों की बैठक ली। इस दौरान बैठक में पीएम विश्वकर्मा योजना के जिला संयोजक एवं पूर्व जिला अध्यक्ष शंकर धुपड़ का भी मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी रोहताश चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि युवा दिवस के उपलक्ष्य कुरूक्षेत्र में मनाए जाने वाले युवा दिवस कार्यक्रम के जिला संयोजक राजेश सांकराड़िया व तीर्थ यात्रा की जिला संयोजक शकुंतला प्रधान को बनाया गया। इस दौरान नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती का मूल मंत्र देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेवारी का बाखूबी निर्वहन करें, ताकि एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनाकर आमजन को मिलने वाली सुविधाओं व योजनाओं को सुचारू रखा जा सकें।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने कहा कि भाजपा संगठन पहले से ही मजबूती स्थिति में है, लेकिन इसके बावजूद भी कही किसी प्रकार की कमी दिखी तो उसको दूर किया जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री हर्षवर्धन मान व शिव कुमार पााराशर, रमेश लालावास, नरेश कुडल, आरती इंदौरिया, ओमपति, शकुंतला प्रधान, सुनील तलेजा, सज्जन खगनवाल, प्रिया असीजा, राहुल मुंढ़ाल, कुलदीप पायल, ओमप्रकाश वर्मा, राजेश धनखड़, नीरज अग्रवाल, रेखा राघव आदि मौजूद रहे।

### 22 जनवरी के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित करें : चौहान

**भिवानी।** सर्व समाज के आराध्य भगवान श्री राम अपने पूर्वजों की रीत पर चल कर उनके आदर्शों को जन जन तक पहुंचाया। इसलिए यह दोहा आज तक प्रचलित है,रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई । आज एमसी कॉलोनी स्थित सेंट्रल पार्क में विश्व क्षत्रिय परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर पदम सिंह चौहान ने केंद्र एवम सरकार से अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के दिन पूरे देश में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की ताकि आमजन अपने परिवार के साथ इस उत्सव को मिलकर मना सकें। ठाकुर पदम सिंह चौहान ने कहा कि भगवान श्री राम ने क्षत्रिय कुल में जन्म लिया था इसलिए क्षत्रिय कुल के किसी भी कुल वंशज को श्री राम जन्मभूमि क्षेत्र ट्रस्ट में प्रतिनिधित्व दिया जाएं। भारत माता सेवा मंडल के उपाध्यक्ष धर्मबीर दहिया ने ठाकुर पदम सिंह चौहान को श्री राम का फटका पहनाकर कर सम्मानित किया। आज उनके साथ अंतरराष्ट्रीय सनातन परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पूर्ण मल शर्मा,भारत माता सेवा मंडल के सदस्य सतपाल सिंह परमार ,सुरेंद्र सिंह परमार ,हरीश कुमार,सतीश कथूरिया,भीष्म सचदेवा, चंद्र भान डेमला, सुमेर सैनी,प्रेम मेहता , मुरारी लाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पौधरोपण से प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



■ गांव झुप्पा कलां मे 9 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**भिवानी।** जिस प्रकार से पौधें निःस्वार्थ भाव से प्रत्येक जन को ऑक्सीजन व फूल देकर धरती पर जीवन की रक्षा करते है ठीक उसी प्रकार भी युवाओं को समाज व राष्ट्र की तरक्की की दिशा में निःस्वार्थ से कार्य करना चाहिए। जिसकी शुरूआत पौधरोपण से करना सराहनीय पहल साबित हो सकती है। यह बात पर्यावरण प्रहरी हलवदार लोकराम नेहरा व सेवानिवृत्त अधीक्षक दर्शनानंद ने गांव झुप्पा कलां मे आयोजित 9 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ पर 9 पौधों का रोपण करने उपरांत कही। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य है तथा नई पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण के लिए पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताना बहुत जरूरी है, जिससे कि आने वाले समय में पर्यावरण के बढ़ते प्रदूषण को पौधारोपण के सहारे कम किया जा सकें। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मीर सिंह नंबरदार, पंच वेदप्रकाश, उमेद कालीरावणा, दरिया सिंह मान, शेरसिंह मान, राजेंद्र, कुलदीप, महेंद्र सिंह,जितेंद्र फौजी, अजीत कालीरावणा, सुरेंद्र भालोठिया कुलदीप मान, राम सिंह नेहरा, इंद्र सिंह गोठड़ा, मा. संतलाल गारनपुरा आदि मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर बैठक आयोजित

**भिवानी।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की ब्लॉक की मिटींग बीडीजीओ कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रधान संजित कुमार की व संचालन पूर्व प्रधान राजेन्द्र सिंह घुसकानी ने किया।

मुख्य वक्ता का राज्य कोषाध्यक्ष भगत सिंह ने बताया कि सरकार ने जो घोषणा की है उसका सरकार का धन्यवाद किया और कहा कि सरकार ने जो घोषणा की है उन्हें तुरन्त लागू किया जाये और सरकार से माँग करते है कि चौकीदारों को पक्का किया जाये व तब तक पक्का नहीं किया जाता न्यूनतम वेतन 26000 हजार किया जाये। चौकीदार की सेवानिवृति पर 2 लाख रुपये एकमुस्त देने का नोटीफिकेशन जल्द से जल्द जारी किया जाए। चौकीदारों को चिराऊ योजना की बजाय ईएसआई से जोड़ा जाए। चौकीदारों के ईपीएफ कार्ड जारी किये जाए । चौकीदारों को मृत्यु इन्द्राज का प्रशिक्षण दिया जाये और सभी चौकीदारों को मृत्यु इन्द्राज के राजिस्ट्रर दिये जाएं।

# हर्ष सांगवान ने जीता रजत पदक

■ हर्ष सांगवान ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए भी क्वालीफाई किया

■ मिनी क्यूबा भिवानी के मुक्केबाजों की पंचों के जोर से दुनिया है वाकिफ : विनोद पिंकू



भिवानी। पदक विजेता हर्ष सांगवान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मिनी क्यूबा के नाम से मशहूर भिवानी के मुक्केबाजों की पंचों के जोर से दुनिया वाकिफ है। यहां के मुक्केबाजों ने अपनी प्रतिभा के दम पर विश्व भर में अपनी अलग पहचान बनाई है तथा जिला व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पटल पर चमकाने का काम किया है। इसी फेहरिस्त में अब जिला के गांव गौरीपुरी के हर्ष सांगवान का नाम भी जुड़ गया है।

जिन्होंने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। यह जानकारी देते हुए हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसो. के जिला महासचिव विनोद पिंकू ने बताया कि एक से 5 जनवरी तक चंडीगढ़ में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इस चैंपियनशिप में गांव गौरीपुर निवासी हर्ष सांगवान ने चौण बंसीलाल विवि का प्रतिनिधित्व करते हुए सुपर हैवी वेट 92 किलोग्राम से अधिक भार वर्ग में रजत पदक हासिल किया। जिसके लिए वह बधाई का पात्र है। इसके साथ ही हर्ष ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए भी क्वालीफाई किया है। उन्होंने कहा कि हर्ष होनहार एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ी है तथा उन्हे उम्मीद जताई कि वह भविष्य में भी इसी प्रकार पर शानदार प्रदर्शन करते रहेंगे।

# पंचायत ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

■ गांव मिलकपुर में पुरस्कार वितरण समारोह का किया आयोजन



बवानीखेड़ा। ग्राम विकास मंडल मिलकपुर व ग्राम पंचायत मिलकपुर के सहयोग पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

रविवार को गांव मिलकपुर के मैन चौक में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन ग्राम विकास मंडल मिलकपुर व ग्राम पंचायत मिलकपुर के सहयोग से किया गया।

सरपंच भीम सिंह ने बताया की ग्राम विकास मंडल हर वर्ष बच्चों की प्रतिभा को निखारने व उनमें परीक्षा के बारे में जागरूक करने, परीक्षा के भय से मुक्तिए प्रतियोगिता के प्रति उत्साह बनाने के लिए वार्षिक प्रतियोगिता करवाता है। इस वार्षिक परीक्षा के परिणाम के बाद बच्चों को पुरस्कृत करने के लिए इस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृषि एवं डेयरी पशुपालन मंत्री जेपी दलाल, कुलपति केंद्रीय विवि महेंद्रगढ़ से डॉक्टर बीरसिंह यादव विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अत्तर सिंह यादव बाबा मस्तनाथ विवि मुरथल व पूर्व सह निदेशक शिक्षा विभाग हरियाणा से शीशपाल यादव आदि रहे। मुख्य अतिथि जेपी दलाल ने गांव की गंदे पानी की निकासी, औरंगनगर तक का पक्का रास्ता, पशु अस्पताल का निर्माण एवम उसमे डॉक्टर की व्यवस्था और जोहड़ की रिटनिंग वॉल बनवाने का वादा किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु.2000/-<br>रु.2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### पारा सात डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा

# ठंड से ठहरी जिंदगी, अलाव बनी सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। ठंड से बचने के लिए अलाव सेकतें हुए। फोटो : हरिभूमि

सोमवार को कड़ाके की ठंड की वजह से जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित रहा। पारा सात डिग्री सेल्सियस पर पहुंचने के चलते हर कोई आहत नजर आया। हाड़ कंपा देने वाली ठंड चलते लोगों की दिनचर्या देर से शुरू और शाम के वक्त जल्दी ही लोग अपने घरों में दुबक गए। इस दौरान लोगों ने अलाव का सहारा लेकर अपने आप को ठंड से बचाने का प्रयास किया। दूसरी तरफ कड़ाके की ठंड रबी फसलों के लिए फायदेमंद मानी जा रही है। चूंकि इस मौसम में जितनी ज्यादा ठंड होगी। उसी हिसाब से गेहूं व सरसों की फसलों में फुटाव बढ़ेगा। सुबह जब लोग सोकर उठे तो उस वक्त आमसान में बादल छाए हुए थे। जैसे ही दिन चढ़ना शुरू हुआ तो ठंड भी बढ़नी शुरू हो गई। धीमी गति से हवा बचने लगी। जिसकी वजह से लोगों की कंपकंपी छूटनी शुरू हुई। लोगों ने ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेना आरंभ किया। दोपहर के बाद व शाम तक लोग अलाव के सहारे ही बैठे नजर आए। यह स्थिति शहर के अलावा कस्बे व ग्रामीण इलाकों में भी बनी। ज्यादा ठंड होने की वजह से अन्य दिनों की अपेक्षा जल्दी ही लोग अपने घरों में दुबक गए।

**फसलों को होगा फायदा**

कड़ाके की ठंड की वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। वहीं रबी फसलों के लिए फायदेमंद मानी जा रही है। चूंकि जितना कम पारा होगा, उतना ही गेहूं की फसल में फायदा होगा। क्योंकि ज्यादा ठंड व नमी के चलते ही गेहूं की फसल में फुटाव बढ़ता है। कड़ाके की ठंड व धुंध के चलते गेंहू की फसल पूरी तरह से रौनक पर है। यही स्थिति सरसों फसल की होती है। उसमें फुटाव ठंड की वजह से बढ़ता है। जिस फसल में ज्यादा फुटाव होगा। उस फसल की औसतन पैदावार भी उतनी ही बढ़ेगी।

### गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर कल होगी बैठक

**चरखी दादरी।** देश के स्वाधीनता दिवस यानी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों शुरू कर दी गई हैं। इसको लेकर उपायुक्त मनदीप कौर ने कल 10 जनवरी को जिला के अधिकारियों की बैठक बुलाई है। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। विदित है कि 1950 में 26 जनवरी के दिन देश का संविधान लागू हुआ था और उसी दिन से हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस दिन मार्च पास्ट, पीटी,डम्बल्ल, लेजियम शो सहित सांस्कृतिक कार्यक्त्रमों का आयोजन भी किया जाता है। साथ ही कार्यक्रम के अंत में विभिन्न विभागों की ओर से झांकियां भी निकाली जाती हैं।

केवल नाम ही काफी है..
सागर
चाय
REQUIRED : DISTRIBUTOR
Mob: 92152-43212